# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


# विराट कोहली के हाथ मे IPL ट्रॉफी, बेगंलुरु की सड़कों पर उमड़ा खुशियों का समंदर, अनुष्का शर्मा ने वीडियो किया शेयर।


Publisher Published on 04 Jun 2025




## IPL 2025 के फाइनल मे पंजाब किंग्ज को हराकर RCB ने 18 सालों के वनवास का अंत किया। अनुष्का शर्मा ने बेगंलुरु की सड़कों पर खुशी का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया।

**IPL 2025: विराट कोहली ने जीती पहली IPL ट्रॉफी, बेगंलुरु मे हुंआ जबरदस्त जश्न**

**इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025** के फाइनल मुकाबले में **रॉयल चैलेंजर्स बेगंलुरु (RCB)** ने **पंजाब किंग्ज को हराकर 18 साल बाद** पहली बार ट्रॉफी अपने नाम की। इस ऐतिहासिक जीत के बाद बेंगलुरु की सड़कों पर समर्थकों का उत्सव देखने को मिला। इस खुशी के पलों का वीडियो टीम की स्टार खिलाड़ी **विराट कोहली** की पत्नी और **बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा** ने अपने **इंस्टाग्राम अकाउंट** पर शेयर किया है।

**18 वर्षों के इंतजार के बाद आया वो पल**

पिछले 18 वर्षों में कई बार **RCB फाइनल** तक पहुंची लेकिन ट्रॉफी अपने नाम नहीं कर पाई थी। इस बार **विराट कोहली** के नेतृत्व में टीम ने अपनी पहली **IPL ट्रॉफी** पर कब्जा जमाया। अनुष्का शर्मा ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, "**नम्मा बेगंलुरु के सड़कों का यह दृश्य**।" वीडियो में दर्शकों की भारी भीड़ और उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। इसके साथ ही उन्होंने एआर रहमान और सिड श्रीराम के गाने की पृष्ठभूमि में प्रार्थना करते हुए हाथों के इमोजी भी जोड़े।

https://samacharwani.com/wp-content/uploads/2025/06/x-downloader.com_DV5VJX.mp4

### सुरक्षा के चलते कोई विजय रैली नहीं, बस सत्कार समारोह

बेंगलुरु पुलिस ने पहले ही घोषणा की थी कि टीम की ओर से कोई विजय रैली नहीं निकाली जाएगी। **एम चिन्नास्वामी स्टेडियम** में **शाम 5 से 6** बजे तक भव्य सत्कार समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कारण प्रशासन ने नागरिकों से स्टेडियम और विधान सौधा के आसपास के इलाकों में भीड़भाड़ से बचने का आग्रह किया है।

**गृहमंत्री जी परमेश्वर** ने भी सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए बताया कि कोई खुले वाहनों से रैली नहीं निकाली जाएगी। टीम बस से विधान सौधा पहुंचेगी और वहीं से स्टेडियम में कार्यक्रम होगा। **मुख्यमंत्री सिद्धरामय्या** भी टीम के सम्मान में विधान सौधा के पायदानों पर सत्कार करेंगे।

### मुख्यमंत्री सिद्धरामय्या ने दी बधाई

मुख्यमंत्री सिद्धरामय्या ने कहा, "मैं RCB टीम और उनके चाहतारों को दिल से बधाई देता हूं। पूरे देश और राज्य को गर्व है कि RCB ने IPL की ट्रॉफी पहली बार जीती है। यह जीत 18 सालों के इंतजार के बाद आई है और हम सबके लिए खुशी का क्षण है।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.